परिवहन निगम मुख्यालय
लखनऊ

पत्र संख्या: 84/मु0प्र0प्र0(संचा0)/कैम्प/2020–कोविड–19 दिनांक: 18 अप्रैल, 2020

प्रेषक,

डा० राज शेखर,
(आई.ए.एस.)
प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम,
लखनऊ।

सेवा में,

श्री नवीन जैन,
(आई.ए.एस.)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम,
जयपुर।

विषय : उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत आपातकालीन सेवाओं के रूप में कोटा भेजी जा रही बसों को डीजल आवंटन हेतु।

महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पूर्व पत्र संख्या : 80/मु0प्र0प्र0(संचा0)/कैम्प/2020–कोविड–19 दिनांक 17 अप्रैल, 2020 का संदर्भ लेना चाहें। जैसा कि आप अवगत है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की कुल 250 बसें, कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु आपातकालीन सेवाओं के रूप में आगरा एवं झांसी क्षेत्र से कोटा, राजस्थान भेजी गयी थी। इसमें से आगरा से कोटा के लिये दिनांक 17 अप्रैल, 2020 को, 150 बसें तथा झांसी से कोटा 100 बसों भेजी गयीं।

उपरोक्त आपातकालीन व्यवस्था के लिये आपसे अनुरोध किया गया था कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 150 बसों को कोटा में 120 लीटर डीजल प्रतिबस के आधार पर राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम के कोटा आगार से डीजल उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, झांसी के द्वारा भेजी गया 100 बसों को भी 60 लीटर प्रतिबस के दर से डीजल की आवश्यकता पडी तथा अधेहस्ताक्षरी द्वारा आप से दूरभाष पर अनुरोध करने पर राजस्थान राज्य सडक परिवहन, कोटा आगार के द्वारा आपातकालीन सेवाओं को भी डीजल की आपुर्ति की गयी।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के श्री मनोज कुमार जैन, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त), (मोबइल नम्बर–9412705893) आगरा क्षेत्र को नोडल अधिकारी के रूप में कोटा भेज दिया गया है, जो कि राजस्थान परिवहन निगम एवं कोटा के जिला प्रशासन के सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर रहे हैं तथा बसवार देय डीजल का सत्यापन भी करेंगे। कुल देय डीजल का मूल्य का भुगतान उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा राजस्थान परिवहन निगम के बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र स्थानान्तरित कर दिया जायेगा।

आज जिलाधिकारी कोटा के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम, आगरा से कोटा के लिये 50 तथा झांसी से 20 अतिरिक्त बसें आपातकालीन सेवाओं के रूप में भेज दी गयीं हैं। कृपया इन 50 बसों को भी 120 लीटर प्रतिबस की दर से राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम, कोटा आगार के द्वारा दिलाने के निर्देश सम्बन्धित को जारी करना चाहें। इस प्रकार उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की कुल आपातकालीन सेवाओं के रूप में कोटा भेजी गई बसों की संख्या का विवरण निम्नवत है :—

झांसी से कोटा	भेजी गयी बसें	100	दिनांक 17.04.2020
आगरा से कोटा	भेजी गयी बसें	150	दिनांक 17.04.2020
आगरा से कोटा	भेजी गयी बसें	50	दिनांक 18.04.2020
झांसी से कोटा	भेजी गयी बसें	20	दिनांक 18.04.2020

कृपया उपरोक्त बसों में राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा निर्गत डीज़ल की मात्रा एवं दरों का विवरण अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करना चाहें, ताकि उसके भुगतान की अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(डा॰ राज शेखर)
प्रबन्ध निदेशक

परिवहन निगम मुख्यालय
लखनऊ

पत्र संख्याः 83/मु0प्र0प्र0(संचा0)/कैम्प/2020–कोविड–19 दिनांकः 18 अप्रैल, 2020

प्रेषक,

डा० राज शेखर,
(आई.ए.एस.)
प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम,
लखनऊ।

सेवा में,

श्री नवीन जैन,
(आई.ए.एस.)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम,
जयपुर।

विषय : कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा कोटा से आगरा भेजे जाने वाली आपातकालीन बस सेवाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया ज़िलाधिकारी, कोटा, राजस्थान राज्य के अनुरोध पर कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत कोटा से छात्र/छात्राओं को अपने गृह जनपदों में भेजे जाने हेतु बसों की मांग के सम्बन्ध में अवगत होना चाहें।

ज़िलाधिकारी कोटा द्वारा आज दिनांक 18.04.2020 को अवगत कराया गया है कि कोटा में उक्त व्यवस्था हेतु लगभग 125 अतिरिक्त बसों की आवश्यकता है, जिसमें 50 बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा आगरा से कोटा हेतु भेजी जा चुकी हैं। अनुरोध है कि राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम की शेष 75 बसें आपातकालीन सेवाओं के रूप में ज़िलाधिकारी कोटा को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

यदि आवश्यक हो, तो राजस्थान परिवहन निगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी बसों के व्यय का विवरण एवं सत्यापित बीजक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें, जिसके आधार पर दिये गये डीज़ल के समायोजन के उपरान्त शेष धनराशि का भुगतान उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त होने पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम को भुगतान किया जा सके।

भवदीय

(डा॰ राज शेखर)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, गृह, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
3. प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।

(डा॰ राज शेखर)
प्रबन्ध निदेशक